## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष आज करेंगे कार्यालय का उद्घाटन

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण आज घरौंडा में ऑडिटोरियम हॉल के



प्रथम तल पर बीईओ कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 5 सितंबर को शाम 3.30 बजे शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान विस अध्यक्ष ऑडिटोरियम हॉल के प्रथम तल पर बीईओ कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे श्री जीतपुरी मंदिर नजदीक पाल चौपाल में शिव महापुराण कथा में शामिल होंगे।

### भाविप ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**तरावड़ी**। एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन भारत विकास परिषद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योगपति पंकज गोयल और विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्राचार्यों के द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में एस एम एस स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात भारत विकास परिषद के सचिव राकेश हंस के द्वारा कार्यक्रम संचालित किया गया।

### आभूषण चोरी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**करनाल**। जिला पुलिस की क्राइम यूनिट सीआईए-3 टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए आभूषण चोरी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन जोड़ी चांदी पजैब, एक कड़ा व 1200 रुपये नकद बरामद किए हैं। सीआईए-3 टीम इंचार्ज निरीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में नाका बंदी कर निसिंग क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ खीरा निवासी रमाना रमानी, तरावड़ी, सनी, विक्रम, सुरेन्द्र, गौरव निवासी गांव मेहमल, निसिंग, करनाल के रूप में हुई है। जांच अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने 24 अगस्त को थाना निसिंग क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

**पंजाब में कुदरत का कहर बनकर बरसे बादल, आफत में लोग**

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए बने सिस्टम : झींडा

## 10 गुरुद्वारा साहिबान के नंबर जारी किए हैं, यहां कर सकते हैं सहयोग

**पंजाब के सबसे अधिक प्रभावित जिला को गोद लेकर सेवा करने को तैयार है हरियाणा कमेटी व संगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंजाब में भारी बरसात के रूप में बरसे कुदरती कहर का शिकार लोगों की सेवा के लिए सिस्टम बनाना होगा। बिना किसी भी सिस्टम के बाढ़ प्रभावित लोगों की सेवा पूरी तरह से सफल नहीं हो सकती। यह विचार हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने प्रकट किए। वे डेरा कार सेवा करनाल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा कमेटी की कार्यकारिणी समिति मैंबर करनैल सिंह निमनाबाद, पलविंदर सिंह दरड़, हरप्रीत सिंह नरूला, गुरदीप सिंह रंबा समेत अन्य मौजूद थे। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने बाढ़ प्रभावित लोगों को सहायता का पूरा लाभ पहुंचाने के लिए पंजाब सरकार और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर को एक सिस्टम बनाना होगा, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बिना किसी व्यवस्था की वजह से करोड़ों रुपये का राशन बरसात में खराब हो गया है, यदि सिस्टम बनाया गया होता, तो यह राशन खराब न होता। उन्होंने कहा कि पानी उतरने के बाद बाढ़ ग्रस्त लोगों को राशन के साथ-साथ कंबल, दवाइयां, कपड़े समेत अन्य जरुरी ओर कई वस्तुओं की जरुरत होगी, इसलिए व्यवस्था बना कर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा कमेटी और यहां की संगत को बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जिला गोद लेने के लिए पंजाब सरकार के चीफ सैकेटरी और एसजीपीसी के चीफ सैकेटरी को एक पत्र भी लिखा है। मगर अभी तक इस बारे में कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 10 गुरुद्वारा साहिबान के नंबर जारी कर दिए गए हैं, जिन पर संपर्क करके इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दिया जा सकता है। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित लोगों की सेवा करने के लिए हरियाणा कमेटी की ओर से एक रिलीफ फंड का खाता नंबर भी जारी किया गया है, जिसमें सहायता राशि भेज कर संगत अपना अहम योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि चाहे हरियाणा कमेटी हो, चाहे आमजन हो, किसान यूनियन, चाहे पंचायतें और चाहे अलग-अलग संस्थाएं, सभी अपना पूर्ण सहयोग दे रहे हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए जत्थेदार झींडा ने कहा कि बाढ़ पंजाब में आई है और इसलिए वहां की मौजूदा सरकार एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर साहिब से तालमेल तो बनाना जरुरी है।



करनाल। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा की संगत अपना निभा रही अपना फर्ज

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि हरियाणा कमेटी की ओर से गुरुद्वारा साहिब में राशन सहित अन्य जरुरी वस्तुएं एकत्रित की जाएगी और फिर जरुरत के अनुसार बाढग्रस्त क्षेत्र में वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज उनके पास घरौंडा क्षेत्र के आसपास के गांवों की संगत 100 क्विंटल (गेहूं, आलू, प्याज) सामान लेकर यहां पहुंची है। अपने बड़े भाई पंजाब पर आई मुसिबत को देख कर हरियाणा की संगत अपना फर्ज पूरी निष्ठा से निभा रही है।

### पंजाब पुलिस पर पर लगए आरोप

हरियाणा कमेटी के मैंबर गुरनाम सिंह डबरी के मामले पर बोलते हुए संस्था के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि पंजाब पुलिस हरियाणा की शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास कर रही है। पंजाब पुलिस लोकतंत्र में तानाशाही रवैया अपना रही है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए जत्थेदार झींडा ने कहा कि रिश्तेदार तो अपने किसी भी रिश्तेदार के घर आ सकता है। अब गुरनाम सिंह डबरी के परिवार को परेशान करने की बजाए पंजाब पुलिस ने पहले क्यों नहीं आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को गिरफ्तार किया। जत्थेदार झींडा ने सवाल उठाया कि हरमीत सिंह पठानमाजरा पर काफी पुराना केस दर्ज होने के बाद भी आम आदमी पार्टी ने उन्हें टिकट क्यो दी? यदि टिकट दे ही दी थी, तो जीत के बाद उसकी विधानसभा सदस्यता क्यों नहीं रद्द की? जत्थेदार झींडा ने कहा कि अब जब पठानमाजरा बागी होकर सच्चाई उजागर कर रहे हैं, तो पंजाब सरकार को पुराना केस याद आ गया। उन्होंने कहा कि शायद पठानमाजरा अपने इंकाउंटर का अंदेशा हो, इसलिए वे हरियाणा में आ गए। पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस ने पहले तो कोई कार्रवाई पठानमाजरा पर नहीं की और अब हरियाणा में रहने वाले उनके रिश्तेदारों को परेशान किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार केंटर हाईवे पर खड़े ट्राले से टकराया, ड्राइवर की मौत

- हादसा नीलोखेड़ी के नजदीक एनएच-44 पर एक केंटर हाईवे पर खड़े ट्राले से टकरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

जी टी रोड़ पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार केंटर हाईवे पर खड़े ट्राले से टकरा गया, जिससे ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि क्लीनर घायल हो गए। हादसा नीलोखेड़ी के नजदीक एनएच-44 पर एक केंटर हाईवे पर खड़े ट्राले से टकरा गया। केंटर नोयडा में चिकन सप्लाई करके पंजाब की तरफ लौट रहा था। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि केंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और ड्राइवर केबिन में ही बुरी तरह फंस गया। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही नीलोखेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन व हाइड्रा मशीन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल मॉच्युरी हाउस भेज दिया है और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे में मारे गए ड्राइवर की पहचान पंजाब के अजनारा निवासी सन्नी के रूप में हुई है। वह केंटर को चला रहा था और उसके साथ क्लीनर भी मौजूद था। क्लीनर ने बताया कि सुबह-सुबह जैसे ही केंटर नीलोखेड़ी के पास पहुंचा, अचानक ही सडक़ पर खड़े ट्राले से टकरा गया। झटके में कुछ समझ ही नहीं आया और कुछ ही सेकेंड में हादसा हो गया। ड्राइवर केबिन में इतनी बुरी तरह फंस गया कि हाइड्रा मशीन की मदद से केबिन को काटकर शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने तुरंत बचाव कार्य शुरू कराया। क्लीनर हादसे में घायल हो गया था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाकर कब्जे में ले लिया। घटना स्थल पर पहुंचे जांच अधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि हादसे में एक केंटर ड्राइवर की मौत हुई है, जिसका नाम सन्नी है। मृतक का एड्रेस अभी पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है। शव को कब्जे में लेकर करनाल पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



तरावड़ी। क्रेन से केंटर को साइड मे करते हुए।

### पुलिस ने शव पीएम को भिजवाया

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल मॉच्युरी हाउस भेज दिया है और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे में मारे गए ड्राइवर की पहचान पंजाब के अजनारा निवासी सन्नी के रूप में हुई है। वह केंटर को चला रहा था और उसके साथ क्लीनर भी मौजूद था।

**छात्रों को किया मोटीवेट**

# यह पहल छात्रों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करेगी: बाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उद्यमता पखवाड़ा 21 अगस्त से 4 सितम्बर के अंतर्गत दयाल सिंह कॉलेज, करनाल के प्रांगण में 3 सितंबर को एंटरप्रेन्योरियल मोटिवेशन विषय पर एक प्रेरणादायी एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दयाल सिंह कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन एवं स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर दयाल सिंह कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन, करनाल के अध्यक्ष कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ ने इसे अपने लिए गौरव का क्षण बताया और कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित करेगी। उन्होंने विशेष रूप से कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशिमा गाखड़ के सशक्त नेतृत्व और डॉ. देवेंद्र सिंह (कोऑर्डिनेटर, इंटर्नशिप सेल एवं इंचार्ज एलुमनाई कमेटी) के अथक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की सफलता में एलुमनाई एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश ग्रोवर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. विकास अत्री (स्वदेशी जागरण मंच) द्वारा उद्यमिता पर प्रेरणादायी व्याख्यान दिया गया। यंग एंटरप्रेन्योर्स के तौर पर उत्कर्ष, भव्य एवं सुश्री जननत द्वारा अपने युवा उद्यमी के तौर पर अपने अनुभव साझा किए गए। इस आयोजन से वास्तव में युवाओं को बड़े सपने देखने, नवाचार करने और आत्मनिर्भर भारत बनाने के मिशन में योगदान दिए जाने की प्रेरणा प्रदान करता प्रतीत हुआ।



करनाल। दयाल सिंह कॉलेज करनाल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करती कालेज प्राचार्य डॉ. आशिमा गाखड़। फोटो : हरिभूमि

**'मेरी बीट-मेरी पहचान' अभियान**

# शहर स्वच्छ बनाने में जुटी विभिन्न टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- एकल प्रयोग प्लास्टिक शहर में प्रतिबंध

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के चारो जोन में सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को कुंजपुरा रोड स्थित जरनैली कॉलोनी, सेक्टर-7, गुरू ब्रह्मानंद चौक के पास खाली एक प्लॉट, प्रीतम नगर, राम नगर स्थित डिजिटल लाईब्रेरी तथा गांव उचाना में साफ-सफाई की गई है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जोन इंचार्ज के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई अभियान के दौरान सेक्टर-7 क्षेत्र में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, वार्ड 9 के पार्षद प्रतिनिधि मुकेश अरोड़ा व सेक्टर की रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे और अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज की। उन्होंने बताया कि मेरी बीट-मेरी पहचान के तहत दरौगा अपनी बीट को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में लगे हैं और अभियान को गति दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान, सार्वजनिक व जन शौचालयों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, जीरो वेस्ट कार्यालय, बाजारों की साफ-सफाई, रात्रि सफाई तथा हरा व नीला डस्टबिन को लेकर चेंकिंग, डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण व कचरा पृथक्करण करने जैसी विभिन्न गतिविधियां रोजाना चलाई जा रही हैं।इसके अतिरिक्त नागरिकों को घरेलू खाद बनाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा



करनाल। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### निगरानी की जिम्मेदारी

गतिविधियों पर निगरानी के लिए अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार व मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्रचोपड़ा रोजाना शहर का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान अगर कहीं पर सफाई को लेकर खामी मिलती है, तो उसे दुरूस्त करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि निगम के मोटीवेटर सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों के तहत डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण तथा गीला व सूखा कचरा अलग-अलग लेने को लेकर रोजाना वार्ड का दौरा कर रहे हैं।

# ज्योतिषाचार्य गौरी मां राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दानवीर कर्ण की नगरी करनाल से लेकर देश-विदेश में ज्योतिष शास्त्र की अलख जगाने में उल्लेखनीय योगदान दे रहीं ज्योतिषाचार्य गौरी मां के प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर सराहा गया है। वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन ज्योतिष सम्मेलन (विद्वान की खोज) के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान लाल किताब विशेषज्ञ गुरुदेव जीडी वशिष्ठ सहित ज्योतिष, राजनीति, समाजसेवा, साहित्य, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां उपस्थित रहीं। सम्मेलन के आयोजक पंडित राज शर्मा और पंडित गगन शुक्ला ने बताया कि इस महाआयोजन के साथ ही ज्योतिष जगत के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। नई दिल्ली के पीरागढ़ी में आयोजित सम्मेलन के मंच पर टैरो कार्ड व हीलिंग विशेषज्ञ ज्योतिषाचार्य गौरी मां को बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मानित किया गया। सम्मेलन, में हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब और गुजरात सहित देश भर के विशेषज्ञों ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता



करनाल। ज्योतिष शास्त्र की अलख जगाने में उल्लेखनीय योगदान देने पर करनाल की ज्योतिषाचार्य गौरी मां राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होते हुए।

# मोबाइल टावर से कीमती रिमोट रेडियो यूनिट चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

करनाल। जिला पुलिस थाना असंध की टीम ने प्रोडक्शन वारंट पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल टावर से कीमती रिमोट रेडियो यूनिट चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक रिमोट रेडियो यूनिट बरामद करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीरज निवासी गांव पाढ़ा, करनाल तथा रोहित निवासी पानीपत के रूप में हुई है। अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही राजेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी दिन में मोबाइल टावर के आसपास के क्षेत्र की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इसी क्रम में दोनों ने 31 जुलाई 2025 की सुबह मोबाइल टावर से रिमोट रेडियो यूनिट चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है और संभावना है कि अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# डीसी ने ली स्वास्थ्य अफसरों की बैठक

- एसडीएम करनाल अनुभव मेहता अधिकारियों से बातचीत करते हुए।
- कहा : जच्चा-बच्चा की सुरक्षा को लेकर गर्भवती महिलाओं में लाएं जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डी.सी उत्तम सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जच्चा-बच्चा की सुरक्षा को लेकर गर्भवती महिलाओं में जागरूकता लाएं और उन्हें पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित करें ताकि खून की कमी से बचाया जा सके और डिलीवरी के दौरान होने वाली जच्चा-बच्चा की मृत्यु दर को कम किया जा सके। उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। निर्देश देते हुए कहा कि जिला में गर्भवती स्त्रियों का पंजीकरण जल्द से जल्द किया जाए व उनमें एनीमिया की रोकथाम व इलाज हेतु दवाई समय पर दी जाए ताकि कोई भी गर्भवती एनीमिक ना रहे। कहा कि किशोर लड़कियों व गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से चलाई जा रही गतिविधियों को प्रभावशाली तरीके से धरातल पर लागू करें और उन्हें पौष्टिक आहार लेने तथा स्वास्थ्य से संबंधित सावधानियों पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक करें।




करनाल। लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए डीसी उत्तम सिंह। फोटो : हरिभूमि



# पराली प्रबंधन के लिए किसानों को करें जागरूक : एडीसी

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में खरीफ सीजन 2025 के दृष्टिगत फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल अवशेष प्रबंधन विशेषकर पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरूक करें और आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग करके पराली प्रबंधन की तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के लिए भी जागरूक करें। इसके अलावा फसल अवशेष प्रबंधन यानी पराली प्रबंधन के लिए हरियाणा सरकार द्वारा प्रति एकड़ 1200 रूपये की जो प्रोत्साहन राशि दी जाएगी उसका लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए और उन्हें पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में कृषि उपनिदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष जिला में लगभग 900 मशीनें (सुपर सीडर, रोटरी-स्लेशर/श्रबमास्टर, हैरेक तथा बेलर) अनुदान पर दी गई जिसके लगभग दस करोड़ रुपये किसानों के बैंक खातों में अनुदान स्वरुप जारी किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष आग न लगाने वाले लगभग 20,000 किसानों को 1000/-रु प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है जिसके फलस्वरुप आग जलाने की घटनाओं में वर्ष 2023-24 की तुलना में करीबन 26 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

**प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत**

# विज्ञान प्रश्नावली का उद्देश्य रचनात्मक एवं अभिनव सोच को प्रोत्साहित करना : सुदेश

- दीपक वर्मा बोले : दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणा बोर्ड के 28 विद्यालयों के 84 बच्चों के मध्य हुआ मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सेक्टर-13 में जिला शिक्षा विभाग करनाल द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी दीपक वर्मा के नेतृत्व दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणा बोर्ड के विद्यालयों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने बताया कि इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिता के दूसरे दिन हरियाणा बोर्ड के 28 विद्यालयों के 84विद्यार्थियों बीच मुकाबला हुआ। पहले100 नंबर की स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की गई।



### घरौंडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

स्क्रीनिंग परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रथम चरण में 8 टीमें चयनित की गई जिसमें प्रत्येक टीम में तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे चरण में इन 8 टीमों के मध्य क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। क्विज प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में स्वर्ण वाटिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल घरौंडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### अवैध निर्माणों पर प्रशासन सख्त, चला पीला पंजा



तरावड़ी। शहर की अनाज मंडी के पास और लल्याणी रोड क्षेत्र में जिला योजनाकार विभाग की टीम ने अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कई निर्माण ध्वस्त कर दिए। डीटीपी गुंजन वर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में दो जेसीबी मशीनों की मदद से नींव उखाड़ दी गई और अवैध रूप से बनाई गई सडक़ों को ध्वस्त कर दिया गया। अचानक हुई कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हडक़ंप मच गया। इस मौके पर डीटीपी गूंजन वर्मा ने साफ कहा कि अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अवहेलना कर बनाई गई कॉलोनियां और शोरूम पर इसी तरह बुलडोजर की कार्रवाई होती रहेगी। डीटीपी ने चेतावनी दी कि जो लोग बिना अनुमति और नक्शा पास कराए अवैध कॉलोनियां बसाने या निर्माण कार्य करने में जुटे हैं, वे तुरंत इन्हें रोक दें। विभाग की ओर से ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। वीरवार को जिला योजनाकार विभाग की हुई कार्रवाई के दौरान शहर में कई जगहों पर अवैध कॉलोनियों में पीले पंजे की कार्रवाई जारी रही। कई नीवों को उखाडने के साथ-साथ कच्ची सडक़ों भी भी ध्वस्त कर दिया गया।



## खबर संक्षेप

### अवैध निर्माण गिराए

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) सुमित मलिक के नेतृत्व में वीरवार को सफलतापूर्वक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया, जिसमें पानीपत जिले के रिसालू, कुरार और भैंसवाल तहसील के गांवों की राजस्व संपदा में लगभग 41 एकड़ क्षेत्रफल में फैली तीन अनधिकृत कॉलोनियों को चार जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। पूरी कच्ची सड़क, चार निर्माणाधीन चारदीवारी और एक निर्माणाधीन संरचना को ध्वस्त कर दिया गया। कुरार में दो ब्लीच हाउस भी ध्वस्त कर दिए गए।

### बारिश से जनजीवन बाधित

**पानीपत।** जिले के शहरी व ग्रामीण अंचल में वीरवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। वहीं पानीपत व समालखा में जगह-जगह जलभराव की समस्या से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, जिला प्रशासन ने जिलावासियों को सावधान रहने की सलाह दी है। साथ ही अपील की है कि अगर लोगों को बहुत जरूर काम न हो, तो वे अपने घरों में ही रहे।

### बैठक आज

**पानीपत।** सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी शुक्रवार पांच सितम्बर को दोपहर 12 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दी।

### वेद कथा आज से

**पानीपत।** आर्य समाज गुरु विरजानंद भवन खैल बाजार द्वारा संगीतमय वेद का आयोजन पांच से सात सितम्बर तक खैल बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर में किया जा रहा है। पत्रकारों को प्रधान राजेश आहूजा ने बताया कि संगीतमय वेद कथा में वैदिक भजनोपदेशिका विदुषी श्वेता आर्या, यज्ञ ब्रह्मा आचार्य बृजकिशोर शास्त्री व वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा होंगे।

### सम्मान समारोह आज

**पानीपत।** माता सीतारानी सेवा संस्था एवं निर्मला देशपांडे संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर पानीपत के उन विशिष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। जिन्होंने अपने सम्पूर्ण जीवनकाल में शिक्षा की ज्योति को प्रज्वलित रखने का उल्लेखनीय कार्य किया है। समारोह की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश शर्मा करेंगे।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** वीरवार को जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आई शिकायतों पर ध्यान केंद्रित करें। समाधान शिविर में प्राप्त हर शिकायत का यथाशीघ्र उचित निपटारा किया जाए। उन्होंने निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय और डीएसपी राजबीर के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों को सुना और समाधान के निर्देश दिए।

### नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 24, टीडीआई गेट के पास नाकाबंदी कर रवि उर्फ भोलू पुत्र सतपाल निवासी तहसील कैंप, पानीपत को 240 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, एंटी व्हीकल थेफ्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि रवि पर थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने जीटी रोड पर प्रेम इंस्टीट्यूट के नजदीक पैदल जा रहे संजय पुत्र रामनाथ निवासी हिरमकरियार बदली सिवान बिहार हाल किरायेदार गांव गांजबड़ जिला पानीपत से मोबाइल व नगदी लूट करने वाले तीन आरोपियों विकास उर्फ साजन पुत्र संजय निवासी दयालपुर गेट, शिव उर्फ शिबू पुत्र प्यारेलाल निवासी रामदेव कालोनी व रवि उर्फ नायक निवासी मंगल कॉलोनी करनाल को रिफाइनरी रोड से गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री पुलिस इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना सदर में केस दर्ज है।

---

### दिगंबर जैन मंदिरों में दसलक्षण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया

# कुरीतियों का त्याग कर मानवता की सेवा करें: जैन

सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई उसके पश्चात नित्य नियम पूजन के साथ श्री कर्म दहन विधान का शुभारंभ हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के सभी दिगंबर जैन मंदिरों में 10 लक्षण पर्व का आठवां दिन वीरवार को उत्तम त्याग धर्म के रूप में बहुत ही भक्ति भाव से मनाया गया। वहीं, मंदिर जी में श्री कर्म दहन विधान किया गया। सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई उसके पश्चात नित्य नियम पूजन के साथ श्री कर्म दहन विधान का शुभारंभ हुआ।



पानीपत। श्री दिगंबर जैन मंदिर में पूजन करते हुए कानूनविद् मेहुल जैन आदि श्रद्धालुगण।

दूसरी ओर, श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ मंदिर दुंदीवालान में भी भव्य रूप से मनाया और श्री जी का अभिषेक दूध के माध्यम से किया गया। जबकि मुकेश जैन ने बताया कि यह मंदिर प्राचीन है इसका निर्माण सेठ दुंदीमल जैन ने करवाया था। मंदिर में जो प्रतिमाएं विराजमान हैं उन पर अंकित संवत अनुसार उनमें कुछ तो 400 वर्ष प्राचीन तो कुछ 900 वर्ष प्राचीन है। विभोर जैन ने बताया उत्तम त्याग धर्म का भावार्थ है कि इंसान अपनी इच्छाओं को वश में करते हुए मानवता की सेवा करें।

त्याग की भावना मतलब जैन संत सिर्फ घर बार नहीं यहां तक कि अपने कपडे भी त्याग देते है और पूरा जीवन दिगंबर मुद्रा धारण करके व्यतित करते है।

---



पानीपत। चुलकाना धाम के लिए बस को रवाना करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

## इंसान के दुख हर लेते है श्री श्री श्याम बाबा: कातिक

**पानीपत।** श्री बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा प्राचीन श्री देवी मंदिर से चुलकाना धाम के लिए श्री बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। मुख्य अतिथि कातिक सुनील दिल्ली ने नारियल फोडक़र बस को रवाना किया गया। मुख्य अतिथि को फूल माला, पटका, पगड़ी पहनाकर व श्री श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष पवन कंसल ने कहा कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क दर्शन करवाती है। जिसमें संस्था द्वारा आना-जाना व खाना निःशुल्क दिया जाता है। इस अवसर पर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, राजिंद्र पाल, दिनेश मित्तल, ललित मित्तल, राकेश मित्तल, अंकित कंसल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---



समालखा। हिमगिरी स्कूल में शिक्षक दिवस का दीप जला कर शुभारंभ करते अथितिगण।

## विद्यार्थी से सशक्त राष्ट्र का निर्माण करवाता है गुरु: राठी

**समालखा।** हिमगिरी स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लायन डॉ.श्याम बरेजा, स्कूल की मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, राजबीर राठी, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप प्रधानाचार्या रितु लठवाल, एओ रामनिवास द्वारा दीप जला कर किया गया। वहीं विशेष अतिथि सेवानिवृत्त डीईओ बृजमोहन गुप्ता, प्रो.जेबी गुप्ता, डॉ.संजय गुप्ता, लायन दीपक शर्मा, लायन प्रदीप कुमार तथा लायन बिजली सिंह उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि संजय गोयल, संदीप शर्मा, जसविंदर, कुलदीप, अरविन्द तथा विनोद लाठर रहे। वहीं, विद्यार्थियों ने शिक्षकों को कार्ड एवं उपहार भेंट किए। इधर, राजवीर राठी ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों से सशक्त राष्ट्र का निर्माण करवाता है। जबकि विद्यार्थियों ने गुरुओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

---

## भगवान के बाद संसार में दूसरा दर्जा गुरु का है: राजेश

- एनजीओ ज्ञानगुंज ने विश्व भारती विद्या निकेतन की अध्यापिकाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

शिक्षक दिवस के अवसर पर ज्ञानगुंज एनजीओ द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विश्व भारती विद्या निकेतन की अध्यापिकाओं मीना वर्मा, रीना और सोनिया सैनी को शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। वहीं, ज्ञानगुंज एनजीओ के अध्यक्ष राजेश शाडिलिया ने कहा कि संसार में भगवान के बाद दूसरा दर्जा शिक्षक का होता है। वहीं शिक्षक समाज के निर्माणकर्ता होते हैं और उनके योगदान को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। की। वहीं, विद्यालय के प्रबंधक अवनीश कुमार व मुख्य अध्यापिका चारू ने सम्मानित अध्यापिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही शिक्षकों की सबसे बड़ी उपलब्धि है।




पानीपत। विश्व भारती विद्या निकेतन की टीचर्स को सम्मानित करते हुए ज्ञानगुंज के पदाधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

---



पानीपत। पंजाब के बाढ पीडितों की मदद की गुहार लगाते हुए मिंटेज मॉन्टेसरी बाय मनीषा के नन्हें मुन्ने विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए नन्हें मुन्नों ने खाद्य पदार्थ एकत्र किए

**पानीपत।** मिंटेज मॉन्टेसरी बाय मनीषा के नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने सराहनीय पहल करते हुए पंजाब फ्लड रिलीफ ड्राइव का आयोजन किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बच्चों ने अपने स्तर पर मिलकर पानी, खाने का सामान, राशन, दवाइयां, कंबल और अन्य जरूरी चीजें एकत्र कर राहत सामग्री के रूप में भेजी। इस कार्य में अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा। जिसके लिए मिंटेज मॉन्टेसरी परिवार सभी अभिभावकों का धन्यवाद करता है। मनीषा के मार्गदर्शन में यह पहल यह दिखाती है कि जब शिक्षा के साथ संस्कार जुड़ते हैं तो बच्चे न केवल अकादमिक रूप से बल्कि मानवीय मूल्यों में भी समृद्ध बनते हैं।

### राहत सामग्री रवाना की

पानीपत के गांव नौल्था से बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री की खेप रवाना हुई है। इसराना साहिब गुरुद्वारा के संत राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। गांव के युवाओं ने घर-घर जाकर राहत सामग्री एकत्र की। तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेंहू, चावल और अन्य खाद्य सामग्री भरी गई है। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में नए कपड़े, जूते और चप्पल भेजे गए हैं। राममेहर सिंह जागलान के नेतृत्व में गांव की युवा टीम ने यह अभियान चलाया। सभी सामग्री को इसराना साहिब गुरुद्वारा के संत भवन में एकत्र किया जा रहा है। यहां से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार सामान भेजा जाएगा। राहत कार्य में राजेंद्र सिंह जागलान, सोनू, विनोद, रिंका, अमित, हरेंद्र, विजय, राहुल, महावीर, देवेंद्र और राजपाल आदि युवा इस कार्य में जुटे हुए हैं।

---

## शिक्षित होने के साथ ही विद्यार्थियों को मिलेगी जीवन की चुनौतियां

- आईबी कॉलेज में विश्व उद्यमिता दिवस पर आइडिया प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर उद्यमिता पखवाड़े के तहत आइडिया प्रतियोगिता हुई। जिसमें बीबीए तृतीय वर्ष से मोहिनी प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष से महेश व योगेश की टीम और बीकॉम द्वितीय वर्ष से अमित व तुषार की टीम द्वितीय, बीबीए द्वितीय वर्ष से कशिश व बीबीए प्रथम वर्ष से चांदनी ने तृतीय रही। जबकि बीकॉम तृतीय वर्ष से आशी व नैंसी की टीम और बीबीए तृतीय वर्ष से वंश को सांत्वना पुरस्कार विजेता बने। इधर, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास, प्रतिभा निखारना, नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना, टीम वर्क और अनुशासन सिखाना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को बाहरी दुनिया के लिए तैयार करते हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं और उन्हें विभिन्न अनुभवों के माध्यम से प्रेरित करते हैं। विभागाध्यक्ष और इस कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ.सुनित शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में नेतृत्व गुण व आत्म-विश्वास बढ़ता है।



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ विजेता विद्यार्थी।

---



पानीपत। दीप जला कार्यक्रम शुरू करते मंत्री रणबीर गंगवा व अन्य।

## राष्ट्र निर्माण की रीढ़ है शिक्षक: गंगवा

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर थिराना में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षाविद सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में पानीपत जिला के सैकडों शिक्षकगण उपस्थित रहे। वहीं, अनेकों शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में योगदान हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, डीईओ राकेश बूरा, बीके भारत भूषण, बीके सुमन दीदी नेशनल कोऑर्डिनेटर एजुकेशन विंग, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा व बीके सरला दीदी आदि उपस्थित रहे। जबकि नागपुर से आए बीके अविनाश ने गीतों से वातावरण को मधुर बना दिया। इधर, मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं और उनके बिना समाज की प्रगति अधूरी है। बीके सुमन दीदी ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि शिक्षा केवल जानकारी नहीं, बल्कि जीवन को मूल्यनिष्ठ और उज्ज्वल बनाने का माध्यम है। शिक्षक ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की धुरी हैं। डीईओ राकेश बूरा ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन की दिशा बदल सकता है। बीके भारत भूषण ने कहा कि आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं बल्कि चरित्र निर्माण होना चाहिए। बीके सरला दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जब शिक्षा आध्यात्मिकता से जुड़ती है तो वह जीवन में शांति और समृद्धि लाती है। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों का सम्मान समारोह हुआ। मंच संचालन बीके ज्योति बहन ने किया।

---

## जेल लोक अदालत आयोजित

**पानीपत।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के तत्वावधान में जिला जेल, गांव सिवाह, जिला पानीपत में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह लोक अदालत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत वर्षा शर्मा की यी उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। वहीं, जेल लोक अदालत में चोरी से संबंधित चार मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से तीन मामलों का निस्तारण आपसी समझौते एवं विधिक सहमति से किया गया। परिणामस्वरूप इन मामलों से जुड़े चार विचाराधीन बंदियों को तत्काल प्रभाव से रिहा किया गया।

## जीएसटी कम करने का स्वागत

**पानीपत।** वरिष्ठ भाजपा नेता ईश कुमार राणा ने जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए इन्हें क्रांतिकारी और दूरगामी प्रभाव डालने वाला बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और परिषद के सभी सदस्यों के दूरदर्शी नेतृत्व में लिए गए निर्णय आम नागरिकों, किसानों, उद्योगों और व्यापार जगत को बड़ी राहत देने वाले हैं।

## विकास कार्यों की समीक्षा की

**पानीपत।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह की अध्यक्षता में योगशाला/व्यायामशाला की प्रगति हेतु समीक्षा बैठक की गई। डॉ. किरण सिंह ने बैठक में उपस्थित आयुष अधिकारी एवं कार्यकारी अभियन्ता महिपाल को निर्देश दिए कि वे योग सहायक के साथ मिलकर सभी योगशाला/व्यायामशाला का निरीक्षण करे ताकि उनमें मुलभुत सुविधाएं जैसे शौचालय, दिवार, शेड, फर्श, ट्रैक आदि की सुविधाएं दी जा सके।

---

## विवादों का हल मध्यस्था से हो

**पानीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव वर्षा शर्मा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की अध्यक्षता में वीरवार को मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत के सभी मध्यस्थों एवं परामर्शदाताओं की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मध्यस्थता के महत्व पर बल देते हुए इसे विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान का एक प्रभावी साधन बताया। जिससे लंबित वादों में कमी लाई जा सकती है तथा न्याय तक वास्तविक पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है।

## भगवान गणेश अपने भक्तों के हर दुख को हर लेते है: भड़ाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

श्री सनातन धर्म रघुनाथ मंदिर मॉडल टाउन समालखा में आयोजित गणेश महोत्सव में वीरवार को गणपति महाराज की प्रथम पूजा हलका समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने की। वहीं, भड़ाना ने कहा कि भगवान गणेश को सौभाग्य, समृद्धि और ज्ञान का देवता माना जाता है। ऐसे में गणेश पूजन से घर में सुख समृद्धि का वास होता है।

श्री रघुनाथ मंदिर उत्सव कमेटी के अध्यक्ष पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा ने बताया कि विधायक भडाना का मंदिर के गेट पर फूल मालाओं के साथ पूरी सभा के सदस्यों ने स्वागत किया। रघुनाथ मंदिर सभा के अध्यक्ष प्रदुमन गुल्यानी, बलवंत राय मल्होत्रा, मन्नू छाबड़ा, भाजपा के जिला सचिव नरेश बेनीवाल ने शाल के साथ मान सम्मान किया, उन्हें स्मृति चिह्न दिया गया। जिसमें प्रख्यात भजन गायक वरुण चोपड़ा और ईश वाधवा ने राधा कृष्ण के भजन गाए, उन्हें रघुनाथ मंदिर सभा, श्री बजरंग सेवा मंडल, हरमिलाप धर्मार्थ समिति की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुभाष मल्होत्रा, अजय मल्होत्रा, श्याम पटेला, वेद कुमार, राजेंद्र टंडन, इंद्रलाल कुमार, लवली सखूजा, कौशल, अंजलि अरोड़ा, भारत विकास परिषद की आशा वर्मा, शिवानी खुराना उषा, शिव खुराना, वीरां आदि उपस्थित थी।



समालखा। श्री सनातन धर्म रघुनाथ मंदिर में विधायक मनमोहन भड़ाना को सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो: हरिभूमि

---

### नशा तस्करी की सूचना एमएएनएएस-हेल्पलाइन 1933 पर दे

# इंसान का नाश कर देता है नशा, छोड़ दें, पुलिस मदद करेगी: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नशा के विरुद्ध जारी लड़ाई में पानीपत पुलिस पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ जुड़ी हुई है। अब इस निर्णायक जंग में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन एमएएनएएस-1933 की शुरुआत की है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे संचालित होगी और इसका उद्देश्य जल्द से जल्द भारत को नशामुक्त बनाना है।

उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल को देशभर में नशा तस्करी रोकने, नशे की लत से पीड़ित लोगों को सहायता उपलब्ध कराने और समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम से पानीपत पुलिस भी जुड़ी हुई है और पुलिस नशा विरोधी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एमएएनएएस-1933 के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर तत्परता से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन ड्रग तस्करी, नशा सेवन व इससे जुड़ी गतिविधियों की गोपनीय सूचना सांझा कर सकते हैं, जिसकी सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त, हेल्पलाइन पर काउंसलिंग व पुनर्वास सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे नशे के शिकार लोगों को दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह हेल्पलाइन देशभर की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) से भी जुड़ी हुई है, जिससे सूचना मिलते ही तस्करों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

एसपी सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस हेल्पलाइन नंबर एमएएनएएस-1933 का अधिक से अधिक प्रचार करें और नशे के खिलाफ इस लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनें। दूसरी ओर, समालखा पुलिस के एएसआई जगपाल सिंह ने वीरवार को महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल समालखा में विद्यार्थियों तथा हनुमान भट्ठा कम्पनी पर जाकर वर्करों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई।



पानीपत। पुलिस विभाग के एएसआई जगपाल सिंह, श्रमिकों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलवाते हुए।

---

## पर्व वाले दिन बंद नहीं होगे पानीपत के बाजार

**पानीपत।** पानीपत शहर में बाजारों में साप्ताहिक अवकाश के निर्णय हेतु वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विधायक प्रमोद विज की अगुवाई में पुलिस एवं निगम अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में बाजार प्रधानों के द्वारा विधायक और प्रशासन के समक्ष अलग-अलग दिनों में बाजार को बंद करने का औपचारिक प्रस्ताव रखा गया एवं बाजार में यातायाव व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक ई रिक्शा, रेहड़ी एवं लोडिंग वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। सोमवार को चार बजे बाजार प्रधान आपसी सहमति से तय करके किस दिन कौनसा बाजार बंद होगा, यह निर्णय विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों को बताएंगे। बैठक में व्यापारियों के हित को देखते हुए दशहरे से एक हफ्ते पहले और दिवाली के एक हफ्ते बाद तक साप्ताहिक अवकाश न करने का भी निर्णय लिया गया है। वहीं त्यौहार वाले दिन मार्केट बंद न करने का भी निर्णय बाजार प्रधानों द्वारा लिया गया है।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रर पानीपत**

**तरूण पुत्र स्व० श्री प्रेम सागर पुत्र स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र स्व० श्री बेली राम निवासी मकान न० 159 वार्ड न0 2 कुरेशिया मोहल्ला के पास पानीपत व आदि**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि तरूण पुत्र स्व० श्री प्रेम सागर पुत्र स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र स्व० श्री बेली राम निवासी मकान न0 159 वार्ड न0 2 कुरेशिया मोहल्ला के पास पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र स्व० श्री बेली राम दिनांक 21.10.1971 को मृत्यु हो चुकी है। मृतक स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र स्व० श्री बेली राम के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैं:- 1. श्रीमति कृष्णावंती (विधवा) 2. अशोक कुमार (पुत्र) 3. प्रेम सागर (पुत्र) ही जायज वारिस हैं इसके अलावा अन्य कोई वारिस ना है वारिस न० 3 प्रेम सागर पुत्र श्री गिरधारी लाल का दिनांक 16.02.2023 को देहान्त हो गया है। स्व० श्री प्रेम सागर पुत्र श्री गिरधारी लाल के देहान्त बाद निम्नलिखित वारिस है। 1 तरूण पुत्र 2. प्रियंका पत्नी ही जायज वारिस हैं इसके लिए अन्य कोई वारिस नहीं है। नगर निगम पार्षद वार्ड न0 9 नवल जिन्दल पानीपत व सुभाष पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तस्दीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानो के अलावा मृतक स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र स्व० श्री बेली राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० श्री गिरधारी लाल पुत्र स्व० श्री बेली राम के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

